**Series : WXYZ/S** **SET~3**

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **61/S/3**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

# इतिहास
# HISTORY

*निर्धारित समय : **3** घण्टे* *अधिकतम अंक : **80***

*Time allowed : **3** hours* *Maximum Marks : **80***

| नोट | NOTE |
|---|---|
| (I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **25 + 1** मानचित्र हैं। | (I) Please check that this question paper contains **25** printed pages **+ 1** Map. |
| (II) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें। | (II) Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate. |
| (III) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं। | (III) Please check that this question paper contains **34** questions. |
| (IV) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।** | (IV) **Please write down the Serial Number of the question in the answer-book at the given place before attempting it.** |
| (V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे। | (V) 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period. # |

**सामान्य निर्देश :**

*निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उनका पालन कीजिए :*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।*

*(ii)* *प्रश्न-पत्र **पाँच** खण्डों में विभाजित है – **खण्ड क, ख, ग, घ** एवं **ङ**।*

*(iii)* ***खण्ड क** – प्रश्न संख्या **1** से **21** बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है।*

*(iv)* ***खण्ड ख** – प्रश्न संख्या **22** से **27** लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **60** से **80** शब्दों में लिखिए।*

*(v)* ***खण्ड ग** – प्रश्न संख्या **28** से **30** दीर्घ-उत्तरीय (LA) प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **8** अंकों का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **300** से **350** शब्दों में लिखिए।*

*(vi)* ***खण्ड घ** – प्रश्न संख्या **31** से **33** तीन उप-प्रश्नों वाले स्रोत-आधारित प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **4** अंकों का है।*

*(vii)* ***खण्ड ङ** – प्रश्न संख्या **34** मानचित्र-आधारित प्रश्न है जिसमें महत्त्वपूर्ण परीक्षण वस्तुओं की पहचान और स्थान शामिल हैं। यह प्रश्न **5** अंकों का है। मानचित्र को उत्तर-पुस्तिका के साथ संलग्न करें।*

*(viii)* *प्रश्न-पत्र में समग्र विकल्प नहीं दिया गया है। यद्यपि, प्रश्न-पत्र के खण्ड ख, ग तथा ङ में आंतरिक विकल्प का प्रावधान दिया गया है। परीक्षार्थी को इन प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखना है।*

*(ix)* *इसके अतिरिक्त, ध्यान दें कि दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए चित्र तथा मानचित्र, आदि आधारित प्रश्नों के स्थान पर एक अन्य प्रश्न दिया गया है। इन प्रश्नों के उत्तर केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थी ही लिखें।*

## खण्ड क

**(बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न)** ***21×1=21***

**1.** निम्नलिखित जानकारी की सहायता से कवि की पहचान कीजिए :

- वे एक आधुनिक कवि थीं।
- उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन पर बहुत कुछ लिखा।
- 'खूब लड़ी मर्दानी वो तो झाँसी वाली रानी थी' — ये पंक्तियाँ उनके द्वारा रचित हैं।

**विकल्प :**

(A) महादेवी वर्मा

(B) सुभद्रा कुमारी चौहान

(C) अमृता प्रीतम

(D) सरोजिनी नायडू

***General Instructions :***

*Read the following instructions carefully and follow them :*

*(i) This question paper contains **34** questions. **All** questions are **compulsory**.*

*(ii) Question paper is divided into **five** Sections – **Sections A, B, C, D** and **E**.*

*(iii) **Section A** – questions number **1** to **21** are Multiple Choice type questions. Each question carries **1** mark.*

*(iv) **Section B** – questions number **22** to **27** are Short Answer type questions. Each question carries **3** marks. Write answer to each question in **60** to **80** words.*

*(v) **Section C** – questions number **28** to **30** are Long Answer (LA) type questions. Each question carries **8** marks. Write answer to each question in **300** to **350** words.*

*(vi) **Section D** – questions number **31** to **33** are Source-based questions having three sub-questions. Each question carries **4** marks.*

*(vii) **Section E** – question number **34** is Map-based question that includes the identification and location of significant test items. This question carries **5** marks. Attach the Map with the answer-book.*

*(viii) There is no overall choice. However, an internal choice has been provided in Sections B, C and E of question paper. A candidate has to write answer for only one of the alternatives in such questions.*

*(ix) In addition to this, note that a separate question has been provided for Visually Impaired candidates in lieu of questions having visual inputs, Map, etc. Such questions are to be attempted by Visually Impaired candidates only.*

## SECTION A

**(Multiple Choice Type Questions)** ***21×1=21***

**1.** Identify the poet with the help of the following information :

- She was a modern poet.
- She wrote extensively on the Indian National Movement.
- 'Khoob lari mardani woh to Jhansi wali rani thi' — these lines have been authored by her.

**Options :**

(A) Mahadevi Verma

(B) Subhadra Kumari Chauhan

(C) Amrita Pritam

(D) Sarojini Naidu

**2.** निम्नलिखित को कालानुक्रमिक क्रम में व्यवस्थित कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए :

I. चम्पारन सत्याग्रह

II. बारदोली सत्याग्रह

III. खेड़ा सत्याग्रह

IV. रॉलेट सत्याग्रह

**विकल्प :**

(A) II, I, III, IV

(B) III, IV, I, II

(C) I, III, IV, II

(D) IV, II, III, I

**3.** निम्नलिखित में से किसने संविधान सभा में 'उद्देश्य प्रस्ताव' पारित किया ?

(A) वल्लभभाई पटेल

(B) राजेन्द्र प्रसाद

(C) जवाहरलाल नेहरू

(D) भीमराव अम्बेडकर

**4.** संविधान सभा के सदस्यों को उनके द्वारा उठाए गए मुद्दों के साथ मिलाइए :

| | *स्तंभ I* *(मुद्दे)* | | *स्तंभ II* *(संविधान सभा के सदस्य)* |
|---|---|---|---|
| a. | जनजाति कल्याण | i. | एन.जी. रंगा |
| b. | दलित वर्ग | ii. | जे. नगप्पा |
| c. | महिलाओं के लिए न्याय | iii. | जयपाल सिंह |
| d. | किसान कल्याण | iv. | हंसा मेहता |

**विकल्प :**

(A) a-i, b-ii, c-iv, d-iii

(B) a-iii, b-ii, c-iv, d-i

(C) a-iv, b-iii, c-i, d-ii

(D) a-ii, b-iii, c-iv, d-i

**5.** 1857 के विद्रोह में निम्नलिखित में से किसे 'डंका शाह' कहा जाता था ?

(A) शाह मल

(B) अहमदुल्ला शाह

(C) मुहम्मद शाह

(D) फिरोज़ शाह

2. Arrange the following in chronological order and choose the correct option :

I. Champaran Satyagraha
II. Bardoli Satyagraha
III. Kheda Satyagraha
IV. Rowlatt Satyagraha

**Options :**

(A) II, I, III, IV
(B) III, IV, I, II
(C) I, III, IV, II
(D) IV, II, III, I

3. Who among the following introduced the 'Objectives Resolution' in the Constituent Assembly ?

(A) Vallabhbhai Patel
(B) Rajendra Prasad
(C) Jawaharlal Nehru
(D) Bhimrao Ambedkar

4. Match the members of the Constituent Assembly with the cause they championed :

| | *Column I* *(Issues)* | | *Column II* *(Members)* |
|---|---|---|---|
| a. | Tribal Welfare | i. | N.G. Ranga |
| b. | Depressed Classes | ii. | J. Nagappa |
| c. | Justice for Women | iii. | Jaipal Singh |
| d. | Peasants' welfare | iv. | Hansa Mehta |

**Options :**

(A) a-i, b-ii, c-iv, d-iii
(B) a-iii, b-ii, c-iv, d-i
(C) a-iv, b-iii, c-i, d-ii
(D) a-ii, b-iii, c-iv, d-i

5. Who among the following was known as 'Danka Shah' in the Revolt of 1857 ?

(A) Shah Mal
(B) Ahmadullah Shah
(C) Muhammad Shah
(D) Firoz Shah

6. निम्नलिखित घटनाओं को सही क्रम में व्यवस्थित कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए :

I. संथालों की बस्तियों का विस्तार

II. अंग्रेज़ों द्वारा संथालों का शोषण

III. दामिन-इ-कोह संथाल भूमि घोषित

IV. बीरभूम और भागलपुर जिलों से बना संथाल परगना

**विकल्प :**

(A) III, II, I, IV
(B) I, III, II, IV
(C) IV, I, III, II
(D) III, I, II, IV

7. निम्नलिखित विकल्पों में से अवध का अधिग्रहण करने के लिए अंग्रेज़ों द्वारा दिए गए कारण की पहचान कीजिए :

(A) वाजिद अली शाह का कुशासन

(B) युद्ध और पूर्ण अवज्ञा

(C) विनियमन अधिनियम

(D) विलय की नीति

8. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित है ?

| | *(विजयनगर में आए यात्री)* | | *(उनके देश/क्षेत्र)* |
|---|---|---|---|
| (A) | निकोलो दे कॉन्ती | – | इटली |
| (B) | अब्दुर रज़्ज़ाक | – | कन्धार |
| (C) | अफ़ानसी निकितिन | – | पुर्तगाल |
| (D) | डोमिंगो पेस | – | स्पेन |

9. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित ***नहीं*** है ?

| | *(मुग़ल साम्राज्य में अफसर)* | | *(भूमिका)* |
|---|---|---|---|
| (A) | दीवान | – | सैन्य नौकरशाह |
| (B) | मनसबदार | – | पंचायत प्रमुख |
| (C) | मंडल | – | राजकोषीय पर्यवेक्षक |
| (D) | अमीन | – | राजकीय कानूनों का नियामक |

6. Arrange the following events in correct sequence and choose the correct option :

I. Expansion of Santhal settlements

II. Exploitation of Santhals by the British

III. Damin-i-Koh declared Santhal land

IV. Santhal pargana carved from the districts of Birbhum and Bhagalpur

**Options :**

(A) III, II, I, IV
(B) I, III, II, IV
(C) IV, I, III, II
(D) III, I, II, IV

7. Identify the reason given by the British for the annexation of Awadh from the following options :

(A) Wajid Ali Shah's misgovernance
(B) War and outright defiance
(C) Regulating Act
(D) Doctrine of Lapse

8. Which one of the following pairs is correctly matched ?

| | *(Travellers who visited Vijayanagara)* | | *(Their Country /Region)* |
|---|---|---|---|
| (A) | Nicolo de Conti | – | Italy |
| (B) | Abdur Razzaq | – | Qandahar |
| (C) | Afanasii Nikitin | – | Portugal |
| (D) | Domingo Paes | – | Spain |

9. Which one of the following pairs is ***not*** correctly matched ?

| | *(Officer in Mughal Empire)* | | *(Role)* |
|---|---|---|---|
| (A) | Diwan | – | Military Bureaucrat |
| (B) | Mansabdar | – | Head of Panchayat |
| (C) | Mandal | – | Fiscal Supervisor |
| (D) | Amin | – | Imperial Regulator |

**10.** दिए गए विकल्प में से रिक्त स्थान भरिए :

मुग़ल राजस्व प्रशासन में निर्धारित रकम (राजस्व) को ____________ कहा जाता था।

(A) हासिल

(B) दफ़्तर

(C) पोलज

(D) जमा

**11.** मीराबाई की काव्य रचनाएँ निम्नलिखित में से किस रूप में उपलब्ध हैं ?

(A) वचन

(B) शबद

(C) भजन

(D) अभंग

**12.** निम्नलिखित में से कौन-से सूफ़ी दरगाह से संबंधित हैं ?

I. मुरीद और मुर्शिद के बीच सिलसिला

II. ज़ियारत

III. कव्वाली

IV. हवन

**विकल्प :**

(A) I, II और IV (B) II, III और IV

(C) I, III और IV (D) I, II और III

**13.** निम्नलिखित में से कौन-से कथन इब्न बतूता के संदर्भ में सही हैं ?

I. वह मोरक्को का वासी था।

II. वह मुहम्मद बिन तुग़लक के दरबार में काज़ी था।

III. उसने इब्राहिम लोदी के बारे में विस्तृत वर्णन दिया।

IV. उसने मुग़ल साम्राज्य में शहरी समृद्धि का एक ज्वलंत विवरण प्रदान किया है।

**विकल्प :**

(A) I और II (B) II और III

(C) I और IV (D) II और IV

**10.** Fill in the blank with the given option :

The assessed revenue in Mughal revenue administration was known as _______________ .

(A) Hasil

(B) Daftar

(C) Polaj

(D) Jama

**11.** In which of the following forms are the poetic compositions of Mirabai available ?

(A) Vachanas

(B) Shabad

(C) Bhajans

(D) Abhangs

**12.** Which of the following are associated with the Sufi Dargah ?

I. Silsila between Murids and Murshid

II. Ziyarat

III. Qawwali

IV. Havan

**Options :**

(A) I, II and IV (B) II, III and IV

(C) I, III and IV (D) I, II and III

**13.** Which of the following statements are true regarding Ibn-Battuta ?

I. He was a native of Morocco.

II. He was a Qazi at the court of Muhammad bin Tughluq.

III. He gave a detailed description about the Ibrahim Lodhi.

IV. He provided a vivid account of urban prosperity in the Mughal Empire.

**Options :**

(A) I and II (B) II and III

(C) I and IV (D) II and IV

**14.** नीचे दो कथन दिए गए हैं – अभिकथन (A) और कारण (R)। इनको ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए :

*अभिकथन (A) :* अल-बिरूनी ने संस्कृत भाषा सीखी।

*कारण (R) :* वह भारत की संस्कृति और पुस्तकों को समझना चाहता था।

**विकल्प :**


(A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परन्तु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है।

(C) अभिकथन (A) सही है, परन्तु कारण (R) ग़लत है।

(D) अभिकथन (A) ग़लत है, परन्तु कारण (R) सही है।

**15.** दिए गए हड़प्पाकालीन चित्र की पहचान कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए :



(A) प्रोटो-शिवा (आद्य शिव) (B) ऋग्वेद के रुद्र

(C) पुरोहित-राजा (D) व्यापारिक-राजा

**नोट :** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्र. सं. **15** के स्थान पर है।*

निम्नलिखित में से मोहनजोदड़ो का प्राचीन शहर, वर्तमान के कौन-से देश में स्थित है ?

(A) भारत (B) पाकिस्तान

(C) चीन (D) म्याँमार

14. Two statements labelled as Assertion (A) and Reason (R) are given below. Read them carefully and select the correct option :

*Assertion (A) :* Al-Biruni learnt the Sanskrit language.

*Reason (R) :* He wanted to understand Indian culture and books.

**Options :**


(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of the Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of the Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

15. Identify the given image from the Harappan period and choose the correct option :



(A) Proto-Shiva (B) Rigvedic Rudra

(C) Priest-King (D) Merchant-Ruler

***Note :*** *The following question is for* ***Visually Impaired Candidates*** *only, in lieu of Q. no.* ***15****.*

In which of the following present countries is the ancient city of Mohenjodaro located ?

(A) India (B) Pakistan

(C) China (D) Myanmar

**16.** नीचे दो कथन दिए गए हैं – अभिकथन (A) और कारण (R) । इनको ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए :

*अभिकथन (A) :* सातवाहन शासक प्राय: मातृनाम उपाधियाँ धारण करते थे।

*कारण (R) :* सातवाहन शासकों के नाम उनकी माताओं के नाम से लिए गए थे।

**विकल्प :**

(A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परन्तु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है।

(C) अभिकथन (A) सही है, परन्तु कारण (R) ग़लत है।

(D) अभिकथन (A) ग़लत है, परन्तु कारण (R) सही है।

**17.** स्तंभ I का स्तंभ II से मिलान कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए :

| | *स्तंभ I (प्राचीन सिक्के)* | | *स्तंभ II (शासक)* |
|---|---|---|---|
| a. | आहत सिक्के | i. | यौधेय |
| b. | सर्वप्रथम सोने के सिक्के | ii. | गुप्त |
| c. | भव्य सोने के सिक्के | iii. | कुषाण |
| d. | ताँबे के सिक्के | iv. | मौर्य |

**विकल्प :**

(A) a-i, b-iii, c-ii, d-iv
(B) a-iv, b-iii, c-ii, d-i
(C) a-i, b-ii, c-iv, d-iii
(D) a-iv, b-ii, c-i, d-iii

**18.** निम्नलिखित में से कौन-से वंश 'तमिलकम' में स्थित थे ?

(A) गुप्त, मौर्य, चालुक्य

(B) चोल, चेर, पाण्ड्य

(C) सातवाहन, शक, पाण्ड्य

(D) सातवाहन, शक, कुषाण

16. Two statements labelled as Assertion (A) and Reason (R) are given below. Read them carefully and select the correct option :

*Assertion (A) :* The Satavahana rulers often carried matronymic titles.

*Reason (R) :* The names of the Satavahana rulers were derived from the names of their mothers.

**Options :**

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of the Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of the Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

17. Match Column I with Column II and choose the correct option :

| | *Column I (Ancient Coins)* | | *Column II (Rulers)* |
|---|---|---|---|
| a. | Punch-marked coins | i. | Yaudheyas |
| b. | First gold coins | ii. | Guptas |
| c. | Spectacular gold coins | iii. | Kushanas |
| d. | Copper coins | iv. | Mauryas |

**Options :**

(A) a-i, b-iii, c-ii, d-iv

(B) a-iv, b-iii, c-ii, d-i

(C) a-i, b-ii, c-iv, d-iii

(D) a-iv, b-ii, c-i, d-iii

18. Which of the following dynasties were located in 'Tamilakam' ?

(A) Guptas, Mauryas, Chalukyas

(B) Cholas, Cheras, Pandyas

(C) Satavahanas, Shakas, Pandyas

(D) Satavahanas, Shakas, Kushanas

**19.** सर जॉन मार्शल के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं ?

I. वह भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण के डायरेक्टर जनरल थे।

II. वह हड़प्पन मुहरों के महत्त्व को समझने में चूक गए।

III. वह उत्खनन में स्तरविन्यास का प्रयोग करते थे।

IV. उन्होंने पूरे विश्व के समक्ष सिंधु घाटी सभ्यता की खोज की घोषणा की।

**विकल्प :**

(A) I और II (B) I और III

(C) I और IV (D) II और III

**20.** कल्पना कीजिए कि आपको वी.एस. सुकथंकर और उनकी टीम द्वारा संचालित महाभारत के समालोचनात्मक संस्करण पर एक शोध रिपोर्ट लिखनी है।

निम्नलिखित में से कौन-सा इस संस्करण की एक अनूठी विशेषता का वर्णन करता है ?

(A) यह भगवद् गीता और कृष्ण पर केंद्रित है।

(B) सुलभता के लिए इसमें भाषा का आधुनिकीकरण किया गया है।

(C) इसमें ग्रंथ के सभी क्षेत्रीय रूपांतरों पर शोध किया गया।

(D) इसमें पौराणिक कथाओं के साथ दार्शनिक टिप्पणियाँ जोड़ी गई हैं।

**21.** सिंधु घाटी सभ्यता के पतन के लिए संभावित कारण निम्नलिखित में से कौन-से थे ? सही विकल्प का चयन कीजिए :

I. नदी मार्ग में परिवर्तन

II. जलवायु परिवर्तन

III. ग्रामीण जीवनशैली

IV. शिल्प और व्यापार की समाप्ति

**विकल्प :**

(A) I और II (B) II और III

(C) III और IV (D) II और IV

**19.** Which of the following statements are true about Sir John Marshall ?

I. He was the Director General of the Archaeological Survey of India.

II. He missed the importance of Harappan seals.

III. He used stratigraphy in excavations.

IV. He announced the discovery of Indus Valley Civilization to the whole world.

**Options :**

(A) I and II (B) I and III

(C) I and IV (D) II and III

**20.** Imagine you have to write a research report on the Critical Edition of the Mahabharata led by V.S. Sukthankar and his team.

Which of the following describes a unique feature of this edition ?

(A) It focused on the Bhagavad Gita and Krishna.

(B) It modernized the language for accessibility.

(C) It researched all regional variations of the text.

(D) It added philosophical commentaries with mythology.

**21.** Which of the following were the possible causes for the decline of the Indus Valley Civilization ? Choose the correct option :

I. Change in the course of the river

II. Climatic changes

III. A rural way of life

IV. Decline in crafts and trade

**Options :**

(A) I and II (B) II and III

(C) III and IV (D) II and IV

## खण्ड ख

**(लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न)** *6×3=18*

**22.** (क) "इतिहासकारों ने हड़प्पा की मुहरों को विशिष्ट कलाकृति माना है।" इस कथन की परख कीजिए। *3*

**अथवा**

(ख) "हड़प्पावासी अपनी उन्नत नगरीय योजना के लिए जाने जाते थे।" उपयुक्त तर्कों के साथ इसे न्यायसंगत ठहराइए। *3*

**23.** महाभारत का समालोचनात्मक संस्करण किस प्रकार तैयार हुआ ? स्पष्ट कीजिए। *3*

**24.** गुरु नानक देव की शिक्षाओं की व्याख्या कीजिए। *3*

**25.** (क) "दस्तकारी मुग़ल कृषि अर्थव्यवस्था का एक अभिन्न अंग थी।" इस कथन को स्पष्ट कीजिए। *3*

**अथवा**

(ख) मुग़ल साम्राज्य की भू-राजस्व प्रणाली की विशेषताओं की व्याख्या कीजिए। *3*

**26.** 1813 की पाँचवीं रिपोर्ट के विभिन्न पहलुओं की जाँच कीजिए। *3*

**27.** 1857 की अफ़वाहों से भारतीयों में डर क्यों फैला ? स्पष्ट कीजिए। *3*

## SECTION B

**(Short-Answer Type Questions)** ***6×3=18***

**22.** (a) "Historians considered the Harappan seals as the distinctive artifact." Examine the statement. *3*

**OR**

(b) "The Harappans were known for their advanced urban planning." Justify the statement with suitable arguments. *3*

**23.** How was the Critical Edition of the Mahabharata prepared ? Explain. *3*

**24.** Explain the teachings of Guru Nanak Dev. *3*

**25.** (a) "Artisanal activity was an integral part of the Mughal agrarian economy." Explain the statement. *3*

**OR**

(b) Explain the features of land revenue system of Mughal empire. *3*

**26.** Examine the distinctive aspects of the Fifth Report of 1813. *3*

**27.** Why did the rumours of 1857 resonate with the fears of the Indians ? Explain. *3*

## खण्ड ग

**(दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न)** *3×8=24*

**28.** (क) बौद्ध धर्म की शिक्षाओं और दर्शन की व्याख्या कीजिए। *8*

**अथवा**

(ख) पौराणिक हिन्दू धर्म की विशेषताओं की व्याख्या कीजिए। *8*

**29.** (क) "गाँधीवादी राष्ट्रवाद में असहयोग आंदोलन महत्त्वपूर्ण था।" इस कथन को न्यायसंगत ठहराइए। *8*

**अथवा**

(ख) "गाँधीजी को ग़रीबों के प्रति गहरी सहानुभूति के तहत एक 'जन नेता' के रूप में देखा जाने लगा।" इस कथन की परख कीजिए। *8*

**30.** (क) भारतीय इतिहास में विजयनगर साम्राज्य के महत्त्व का वर्णन कीजिए। *8*

**अथवा**

(ख) विजयनगर साम्राज्य की धार्मिक वास्तुकला परंपराओं का वर्णन कीजिए। *8*

## SECTION C

**(Long-Answer Type Questions)** *3×8=24*

**28.** (a) Explain the teachings and philosophy of Buddhism. *8*

**OR**

(b) Explain the features of the Puranic Hinduism. *8*

**29.** (a) "The Non-Cooperation Movement was significant in Gandhian nationalism." Justify the statement. *8*

**OR**

(b) "Gandhiji came to be viewed as a 'people's leader' with deep sympathy for the poor." Examine the statement. *8*

**30.** (a) Describe the significance of the Vijayanagara Empire in Indian history. *8*

**OR**

(b) Describe the religious architectural traditions of the Vijayanagara Empire. *8*

## खण्ड घ

**(स्रोत-आधारित प्रश्न)** *3×4=12*

**31.** दिए गए स्रोत को ध्यानपूर्वक पढ़िए और इसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *1+1+2=4*

> **यूरोप के लिए एक चेतावनी**
>
> बर्नियर चेतावनी देता है कि यदि यूरोपीय शासकों ने मुग़ल ढाँचे का अनुसरण किया तो :
>
> उनके राज्य इस प्रकार अच्छी तरह से जुते और बसे हुए, इतनी अच्छी तरह से निर्मित, इतने समृद्ध, इतने सुशिष्ट तथा फलते-फूलते नहीं रह जाएँगे जैसा कि हम उन्हें देखते हैं। दूसरी दृष्टि से हमारे शासक अमीर और शक्तिशाली हैं; और हमें यह स्वीकार करना चाहिए कि उनकी और बेहतर और राजसी ढंग से सेवा हो। वे जल्द ही रेगिस्तान तथा निर्जन स्थानों के, भिखारियों तथा क्रूर लोगों के राजा बनकर रह जाएँगे जैसे कि वे जिनके विषय में मैंने वर्णन किया है। (मुग़ल शासक) ... हम उन महान शहरों और नगरों को खराब हवा के कारण न रहने योग्य अवस्था में पाएँगे, तथा विनाश की स्थिति में, जिनके जीर्णोद्धार की किसी को चिंता नहीं है, व्यक्त टीले और झाड़ियों अथवा घातक दलदल से भरे हुए खेत, जैसा कि पहले ही बताया गया है।

(31.1) यूरोपीय राजाओं को बर्नियर ने क्या चेतावनी दी ? *1*

(31.2) उसने यूरोपीय राजाओं और मुग़ल बादशाहों की तुलना किस प्रकार की ? *1*

(31.3) बर्नियर ने मुग़ल देहात का वर्णन कैसे किया ? *2*

**32.** दिए गए स्रोत को ध्यानपूर्वक पढ़िए और इसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *1+1+2=4*

> **प्रभावती गुप्त और दंगुन गाँव**
>
> प्रभावती गुप्त ने अपने अभिलेख में यह कहा है :
>
> प्रभावती *ग्रामकुटुंबिनों* (गाँव के गृहस्थ और कृषक), ब्राह्मणों और दंगुन गाँव के अन्य वासियों को आदेश देती है ...
>
> "आपको ज्ञात हो कि कार्तिक शुक्ल पक्ष की द्वादशी तिथि को धार्मिक पुण्य प्राप्ति के लिए इस ग्राम को जल अर्पण के साथ आचार्य चनालस्वामी को दान किया गया है। आपको इनके सभी आदेशों का पालन करना चाहिए।
>
> एक *अग्रहार* के लिए उपयुक्त निम्नलिखित रियायतों का निर्देश भी देती हूँ। इस गाँव में पुलिस या सैनिक प्रवेश नहीं करेंगे। दौरे पर आने वाले शासकीय अधिकारियों को यह गाँव घास देने और आसन में प्रयुक्त होने वाली जानवरों की खाल और कोयला देने के दायित्व से मुक्त हैं। साथ ही वे मदिरा खरीदने और नमक हेतु खुदाई करने के राजसी अधिकार को कार्यान्वित किए जाने से मुक्त हैं। इस गाँव को खनिज-पदार्थ और *खदिर* वृक्ष के उत्पाद देने से भी छूट है। फूल और दूध देने से भी छूट है। इस गाँव का दान इसके भीतर की संपत्ति और बड़े-छोटे सभी करों सहित किया गया है।"

## SECTION D

**(Source-Based Questions)** *3×4=12*

**31.** Read the given source carefully and answer the questions that follow : *1+1+2=4*

**A warning for Europe**

Bernier warned that if European kings followed the Mughal model :
Their kingdoms would be very far from being well-cultivated and peopled, so well built, so rich, so polite and flourishing as we see them. Our kings are otherwise rich and powerful; and we must avow that they are much better and more royally served. They would soon be kings of deserts and solitudes, of beggars and barbarians, such as those are whom I have been representing (the Mughals) … We should find the great Cities and the great Burroughs (boroughs) rendered uninhabitable because of ill air, and to fall to ruine (ruin) without any bodies (anybody) taking care of repairing them; the hillocks abandon'd, and the fields overspread with bushes, or fill'd with pestilential marishes (marshes), as hath been already intimated.

(31.1) What was Bernier's warning to the European kings ? *1*

(31.2) How did he compare European kings and the Mughal emperors ? *1*

(31.3) How did Bernier describe the Mughal countryside ? *2*

**32.** Read the given source carefully and answer the questions that follow : *1+1+2=4*

**Prabhavati Gupta and the village of Danguna**

This is what Prabhavati Gupta states in her inscription :

Prabhavati Gupta ... commands the *gramakutumbinas* (householders/peasants living in the village), Brahmanas and others living in the village of Danguna …

"Be it known to you that on the twelfth (lunar day) of the bright (fortnight) of Karttika, we have, in order to increase our religious merit, donated this village with the pouring out of water, to the Acharya (teacher) Chanalasvamin ... You should obey all (his) commands …

We confer on (him) the following exemptions typical of an *agrahara* ... (this village is) not to be entered by soldiers and policemen; (it is) exempt from (the obligation to provide) grass, (animal) hides as seats, and charcoal (to touring royal officers); exempt from (the royal prerogative of) purchasing fermenting liquors and digging (salt); exempt from (the right to) mines and *khadira* trees; exempt from (the obligation to supply) flowers and milk, (it is donated) together with (the right to) hidden treasures and deposits (and) together with major and minor taxes ..."

(32.1) प्रभावती गुप्त द्वारा भूमि-अनुदान किसे दिया गया ? *1*

(32.2) यह स्रोत हमें महिलाओं द्वारा संपत्ति के स्वामित्व के बारे में क्या सूचित करता है ? *1*

(32.3) भूमि-अनुदान प्राप्तकर्ताओं को क्या विशेषाधिकार दिए गए थे ? *2*

**33.** दिए गए स्रोत को ध्यानपूर्वक पढ़िए और इसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *1+1+2=4*

**''खंडित निष्ठा के लिए कोई जगह नहीं''**

गोविंद बल्लभ पंत ने कहा कि निष्ठावान नागरिक बनने के लिए लोगों को समुदाय और खुद को बीच में रख कर सोचने की आदत छोड़नी होगी :

लोकतंत्र की सफलता के लिए व्यक्ति को आत्मानुशासन की कला का प्रशिक्षण लेना होगा। लोकतंत्र में व्यक्ति को अपने लिए कम तथा औरों के लिए ज़्यादा फिक्र करनी चाहिए। यहाँ खंडित निष्ठा के लिए कोई जगह नहीं है। सारी निष्ठाएँ केवल राज्य पर केंद्रित होनी चाहिए। यदि किसी लोकतंत्र में आप प्रतिस्पर्धी निष्ठाएँ रख देते हैं या ऐसी व्यवस्था खड़ी कर देते हैं जिसमें कोई व्यक्ति या समूह अपने अपव्यय पर अंकुश लगाने की बजाय बृहत्तर या अन्य हितों की जरा भी परवाह नहीं करता, तो ऐसे लोकतंत्र का डूबना निश्चित है।

*संविधान सभा बहस,* खंड 2

(33.1) जी.बी. पंत ने लोकतंत्र में आत्मानुशासन के महत्त्व पर जोर क्यों दिया ? *1*

(33.2) निष्ठा का क्या अर्थ है ? *1*

(33.3) उनके अनुसार लोकतंत्र की सफलता की कुंजी क्या है ? *2*

(32.1) To whom was the land grant made by Prabhavati Gupta ? *1*

(32.2) What does the source inform us about the ownership of property by women ? *1*

(32.3) What were the privileges given to recipients of the land grant ? *2*

**33.** Read the given source carefully and answer the questions that follow : *1+1+2=4*

> **"There cannot be any divided loyalty"**
>
> Govind Ballabh Pant argued that in order to become loyal citizens people had to stop focusing only on the community and the self :
>
> For the success of democracy one must train himself in the art of self-discipline. In democracies one should care less for himself and more for others. There cannot be any divided loyalty. All loyalties must exclusively be centred round the State. If in a democracy, you create rival loyalties, or you create a system in which any individual or group, instead of suppressing his extravagance, cares nought for larger or other interests, then democracy is doomed.
>
> *CAD,* VOL. II

(33.1) Why did G.B. Pant emphasize the importance of self-discipline in democracies ? *1*

(33.2) What does loyalty mean ? *1*

(33.3) What according to him is the key to the success of democracy ? *2*

## खण्ड ङ

**(मानचित्र-आधारित प्रश्न)** *3+2=5*

**34.** (34.1) **भारत** के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ **27** पर) में, निम्नलिखित को उपयुक्त चिह्नों से अंकित कीजिए और उनके नाम लिखिए : *1+1+1=3*

(i) कालीबंगा – हड़प्पा पुरास्थल

(ii) (क) विजयनगर – विजयनगर साम्राज्य की राजधानी

**अथवा**

(ii) (ख) दिल्ली – मुग़लों के अधीन क्षेत्र

(iii) अमरावती – बौद्धस्थल

(34.2) **भारत** के इसी राजनीतिक रेखा-मानचित्र पर 1857 के विद्रोह के दो स्थानों को 'A' और 'B' से अंकित किया गया है। इन्हें पहचानिए और इनके सही नाम इनके निकट खींची गई रेखाओं पर लिखिए। *2*

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्र. सं. **34** के स्थान पर हैं :*

(34.1) किन्हीं दो विकसित हड़प्पा पुरास्थलों के नाम लिखिए। *2*

(34.2) (क) विजयनगर साम्राज्य की राजधानी का नाम लिखिए। *1*

**अथवा**

(34.2) (ख) मुग़ल साम्राज्य के अधीन किसी एक क्षेत्र का नाम लिखिए। *1*

(34.3) भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के किन्हीं दो केन्द्रों के नाम लिखिए। *2*

## SECTION E

### (Map-Based Questions) *3+2=5*

**34.** (34.1) On the given political outline map of **India** (on page 27), locate and label the following with appropriate symbols : *1+1+1=3*

(i) Kalibanga – Harappan site

(ii) (a) Vijayanagara – Capital of Vijayanagara Empire

**OR**

(ii) (b) Delhi – Territory under the Mughals

(iii) Amaravati – Buddhist site

(34.2) On the same political outline map of **India**, two places have been marked as 'A' and 'B', as the centres of the Revolt of 1857. Identify them and write their correct names on the lines drawn near them. *2*

***Note :** The following questions are for the **Visually Impaired Candidates** only, in lieu of Q. No. **34** :*

(34.1) Name any two matured Harappan sites. *2*

(34.2) (a) Name the capital of the Vijayanagara Empire. *1*

**OR**

(34.2) (b) Name any one territory under the Mughal empire. *1*

(34.3) Name any two centres of the Indian National Movement. *2*

प्रश्न सं. 34 के लिए

For question no. 34

